हिन्दी सान्ध्य दैनिक    जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए


www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–105 : जौनपुर, बुधवार 21 दिसम्बर 2022    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4    मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी : मरीजों की संख्या बढ़ने पर होगी जीनोम सीक्वेंसिंग

लखनऊ ब्यूरो : चीन में फिर से कोविड का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसके मद्देनजर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदेश भर में अलर्ट जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग में जांच से लेकर उपचार तक की व्यवस्था शुरू करें। एयरपोर्ट पर चौकसी बढ़ा दी जाये। संक्रमण प्रभावित देशों की यात्रा से लौटे लोगों की जांच कराई जाए। कोरोना पॉजिटिव मरीजों की जिनोम सीक्वेंसिंग कराई जाए ताकि वायरस के वैरिएंट का पता लगाया जा सके। बुधवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदेश के सभी सीएमओ और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण प्रभावित देश से आने वाले यात्रियों की जांच सुनिश्चित की जाए। जिनोम सीक्वेंसिंग कराई जाए। इससे नए वैरिएंट का सटीक पता लगाया जा सके। सर्दी–जुकाम और बुखार समेत अन्य लक्षण वाले यात्रियों को चिन्हित करें। कोविड संदिग्ध ा के नमूने लेकर जांच कराई जाए। इस दौरान यात्रा से लौटे लोगों को होम आईसोलेशन में रहने की सलाह दी जाए। स्वास्थ्य विभाग विदेश की यात्रा से लौटे लोगों की सूची बनाए। 12 से 14 दिन तक उनकी सेहत का हाल लें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जाए। जांच व उपचार के इंतजाम करें। कोविड संक्रमितों की भर्ती की व्यवस्था करें। ऑक्सीजन से लेकर आरटीपीसीआर, सीटी स्कैन, एक्सरे, पैथोलॉजी की जाँच से जुड़े संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था कर लें।




मास्क, पीपीई किट व ग्लब्स आदि भी पर्याप्त मात्रा में जुटा लें। उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की व्यवस्था करें। सर्तक रहें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि चीन में संक्रमण का खतरा फिर से बढ़ गया है। सावधानी बरतकर कोविड के खतरों से खुद को बचा सकते हैं। भीड़–भाड़ में बिना जरूरत जाने से बचें। मास्क लगाकर ही बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से कोरोना को मात दी सकती है। सतर्कता बरतें। दिशा–निर्देशों का पालन करें। इससे आसानी से संक्रमण से मुकाबला किया जा सकता है। वर्तमान में 21 जिलों में मौजूद हैं कोरोना के मरीज वर्तमान में 21 जिलों में कोविड के 95 मरीज मौजूद हैं। इनमें वाराणसी में 33, रायबरेली में 12, मेरठ में सात, गाजियाबाद में पांच, कुशीनगर में पांच, अंबेडकरनगर में चार और अमरोहा, एटा व गोंडा में तीन–तीन और अन्य जिलों में इससे कम मरीज हैं।

## मदरसों में छुट्टी का दिन शुक्रवार की जगह रविवार को करने का प्रस्ताव : आगे हो सकता है फैसला

लखनऊ ब्यूरो : मदरसा बोर्ड की लखनऊ में हुई बैठक में मदरसों में छुट्टी का दिन शुक्रवार की जगह रविवार को करने का सुझाव दिया गया। इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि बहुत दिनों से मदरसों से जुड़े लोगों की ओर से इस बात को कहा जा रहा है कि छुट्टी का दिन शुक्रवार की बजाय रविवार किया जाए। मंगलवार की बैठक में भी ऐसा सुझाव आया लेकिन कई लोगों ने इस सुझाव का विरोध भी किया। मुझे या बोर्ड को केवल सारे सुझावों को सुनना था। इन सुझावों के ऊपर जो भी फैसला होगा वह मदरसा बोर्ड की आगामी बैठक में होगा। इंदिरा भवन पांचवां तल स्थित अल्पसंख्यक कल्याण सभागार में हुई बैठक में मदरसा विनियमावली 2016 में दंड के खिलाफ अपील की व्यवस्था करने, मदरसा शिक्षकों के स्थानांतरण, अवकाश के नियम परिभाषित करने, मदरसों में एक यूनिफार्म लागू करने सहित कई अहम सुझाव मदरसों से जुड़े शिक्षाविदों ने मदरसा शिक्षा परिषद के सामने रखे। बैठक में मदरसा कर्मचारियों व शिक्षकों के



निलंबन, निष्कासन एवं अपील के संबंध में शिक्षकों के हित को सुरक्षित रखते हुये नियम बनाये जाने, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही का अंतिम निर्णय रजिस्ट्रार के स्तर से लिये जाने आदि पर सुझाव दिए गए। बैठक में शिक्षाविदों ने करीब 19 बिंदुओं पर अपने–अपने सुझाव दिये हैं। सभी सुझावों को बोर्ड की आगामी बैठक में रखकर प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के समय में किया गया परिवर्तन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में बढ़ रही शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कहा कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय, मदरसा, सीबीएसई/आईसीएसई के अंग्रेजी माध्यम/हिन्दी माध्यम के विद्यालय कक्षा 01 से 08 तक के खुलने एवं बन्द होने का समय 22 दिसंबर 2022 से अग्रिम आदेश तक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक संचालित करने के लिए नियत किया गया है। बीएसए ने सभी को उक्त आदेश पालन करने का आदेश दिया है।

## निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 22 से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर 2022 तक होगा सम्पन्न –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वितरण माह–दिसम्बर, 2022 में होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट की मात्रानुसार माह–अक्टूबर 2022 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 22 दिसम्बर 2022 से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर 2022 तक सम्पन्न होगा।उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से चावल प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। राशनकार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत निःशुल्क चावल प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार चावल का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त कार्डधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि कतिपय कारणों से वर्तमान माह–दिसम्बर, 2022 में माह–अक्टूबर, 2022 हेतु आवंटित पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है, जबकि पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना अन्तर्गत माह–नवम्बर, 2022 एवं दिसम्बर, 2022 हेतु आवंटित खाद्यान्न का वितरण एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह–नवम्बर, 2022 एवं माह–दिसम्बर, 2022 हेतु आवंटित खाद्यान्न का वितरण शासन के निर्देशानुसार अग्रेतर किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। उक्त सूचना के सम्बन्ध में एवं निःशुल्क चावल के वितरण की सूचना को उचित दर विक्रेता अपनी दुकानों पर चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में डी.सी.सी व डी.एल.आर.सी की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में डी.सी.सी/डी.एल.आर.सी की बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए एलडीएम को निर्देश दिया कि योजना बनाकर मार्च तक सीडी रेशियो 50 प्रतिशत तक बढ़ाए अन्यथा की दशा में सम्बन्धित ब्राचों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यूनियन बैंक का सीडी रेशियों कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिया कि सभी विभाग के लंबित पत्रावली डाटा मेन्टेन किया जाए। ऐसे बैंक जिनका सीडी रेशियो खराब है उनका खाते में जमा पैसा अच्छे सीडी रेशियो बाली ब्रांच में जमा कर दिया जाएगा। अभियान चलाकर शत–प्रतिशत आधार सीडिंग कर दिया जाए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में मुद्रा ऋण की संख्या बढ़ाये जाये। डाटा न देने वाली बैंकों पर कार्यवाई की जाए। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि संख्या बढ़ाये। विभिन्न राष्ट्रीय/शासकीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। एलडीएम को निर्देश दिया कि बैक के सीसीटीवी रिकॉर्डिंग दे, बिना वजह आने वालों को चिन्हित कर कार्यवाई की जाएंगी। बिचौलियों टहलते न मिले। भष्टाचार करने वालो के खिलाफ शिकायत करने वालो के लिए टोलफ्री नम्बर प्रर्दशित करें। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बैंक सम्बन्धी लेन–देन के कार्य समय से पूर्ण किये जाये। बैठक के दौरान सम्भाव्यता युक्त ऋण योजना (पीएलपी) का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम दरश यादव, बैंकों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रशासन चला गांव की ओर

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : विकास खण्ड करंजाकला क्षेत्र के ग्राम पंचायत काफरपुर में पंचायत भवन में ग्राम पंचायत अधिकारी नागेंद्र कुमार यादव तकनीकी सहायक कृषि विभाग



संतोष कुमार यादव और लेखपाल कृष्ण चन्द्र मौर्या , ग्राम प्रधान अंजुलता और क्षेत्र पंचायत सदस्य विश्वनाथ, सहायक विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह , प्रशासन गांव की ओर,में आज ग्राम पंचायत काफरपुर के पंचायत भवन में ग्रामीणों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सम्मानिधि,प्रधान मंत्री आवास योजना के बारे में गांव के समस्त नागरिकों को जानकारी दी गई जिसमे सूचना के आधार पर काफरपुर ग्रामवासी मौजूद रहे।

## घने कोहरे के कारण खड़े ट्रक में दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर : खलासी की मौत एवं चालक घायल

वाराणसी ब्यूरो : घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के बीच बुधवार सुबह वाराणसी में सड़क पर खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में खड़े ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घायल चालक को ट्रक से निकाला और अस्पताल भेज दिया। वहीं चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसा फूलपुर थाना क्षेत्र में चुप्पेपुर के पास हाईवे पर हुआ। बुधवार सुबह करीब सात बजे वाराणसी से जौनपुर की तरफ जा रहे चावल लदे ट्रक के खलासी दीपक यादव (25) को शौच लगी तो चालक ने ट्रक रोक दिया। चालक सीट पर बैठा रहा जबकि दीपक शौच करने चला गया। लोहे का रॉड शरीर में घुसा थोड़ी देर बाद खलासी जब ट्रक पर चढ़ तो पीछे से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक ने उसके ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। काफी तेज आवाज हुआ। हादसे में लोहे का एक रॉड खलासी दीपक के शरीर में घुस गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक शाहिद (36) निवासी बेरचा जिला साझापुर मध्यप्रदेश स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया।



उसका पैर बुरी तरह से कुचल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की सहायता से घायल चालक को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, घने कोहरे के कारण चालक सड़क पर खड़े ट्रक को देख नहीं पाया। मृत खलासी दीपक यादव प्रतापगढ़ जिले के किसीकरी गांव निवासी था। उसके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया गै। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को जेसीबी की सहायता से सड़क किनारे कर आवागमन सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया है।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ''पर ड्राप मोर क्राप'' (माइक्रोइरीगेशन) योजनान्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा जौनपुर पर उद्यान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप के तहत 20 व 21 दिसंबर 2022 तक प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण में उक्त दिवस में 50–50 कृषक ने प्रतिभाग किया गया। इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों द्वारा उद्बोधन के दौरान ड्रिप इरिगेशन व माइक्रो इरिगेशन के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को यह भी बताया गया जो किसान ड्रिप तकनीक द्वारा खेती करता है तो उससे पानी की भी बचत होती है एवं पैदावार अच्छी होती है, जिससे कृषक की आय मे भी वृद्धि होती है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजनान्तर्गत किसानों को 75 से 90 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। जिससे किसान अपने खेत में ड्रिप व स्प्रिंकलर वह मिनी स्प्रिंकलर लगाकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं तथा पानी की जो बर्बादी हम अपने खेतों में करते हैं उससे हम रोक सकते है। मुख्य अतिथि राणा सिंह ने किसानों को बताया कि पहले हम तालाब से पानी लिया करते थे तालाब के बाद नहर आया उसके बाद हम अपने बोर के द्वारा सिंचाई कर रहे हैं जिससे पानी का अत्यधिक दोहन हो रहा है हर वर्ष पानी का वाटर लेवल कम हो रहा है जिससे आने वाले समय सिंचाई हमारी सबसे बड़ी समस्या होगी। इसलिए किसान भाई जागरूक होकर पानी की बचत करें। डॉ राजीव कुमार सिंह ने किसानों







को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया जिससे किसान कम लागत में अपना उत्पादन अच्छा करके आय बढ़ा सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 किसानो को प्रमाण–पत्र देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी रवीन्द्र कुमार सिंह ने आए हुए लोगो के प्रति आभार जताया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख बक्शा राणा सिंह व जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ सुरेंद्र प्रताप सोनकर डॉक्टर हरिओम वर्मा, डॉ रुपेश सिंह एवं अन्य विभागीय कर्मचारी एवं योजना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक, रामसेवक, कमलेश यादव, रविकांत, पंचम आदि लोग उपस्थित रहें।

## बुटीक एण्ड वेडिंग एक्सपो सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पिछले इक्कीस वर्षो से लगातार सफलतापूर्वक विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शनी करने वाली संस्था ''न्यू एरा इवेन्टस मैनेजमेन्ट'' ने इस वर्ष क्रिसमस, न्यू ईयर और विवाह के अवसर पर ''बुटीक एण्ड वेडिंग एक्सपो – 2022 (दिसम्बर) लाइफ स्टाइल फैशन और ज्वैलरी पर एक प्रमुख प्रर्दशनी का आयोजन किया था। यह प्रर्दशनी 20 और 21 दिसम्बर दिन मंगलवार और बुधवार को लखनऊ के होटल क्लार्क अवध, एम० जी० मार्ग, हजरतगंज लखनऊ मार्ग में प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित हुई थी। मुख्य आकर्षण :– इन दो दिनों में इस प्रदर्शनी में काफी संख्या में लोगों ने खरीदारी की इस प्रदर्शनी में लोगो को डिजायनर सूटस अप्पेरल(इथेनिक एण्ड वेस्टर्न) रियल एण्ड आर्टीफिसियल ज्वैलरी होम डेकोर एण्ड बेड लिनेन, लाइफ स्टाइल एण्ड गिफ्ट आर्टिकलस बैन्स एन्ड फुटवेयर डिसपेयर मेन्सवेयर. एसेसरीज के स्टॉल्स पसन्द आये। प्रमुख सहभागी :– इस प्रदर्शनी में प्दकपं के 40 से अधिक प्रसिद्ध थैपवद क्मेपहदमत ने भाग लिया था। वन क्यू स्टाइल बाई स्वाती लखनऊ, उरवर्ती मुज्जफरपुर एकआर०डी० क्रियेटिव विस्टा लखनऊ शिल्पकारिता ज्वैलर्स एण्ड ब्राण्ड हम लखनऊ, अंजली फैशन लेबल – प्रयागराज गौरी कॉटन वर्कस जयपुर हाउस ऑफ गिनिजा लखनऊ. लेबल जहान लखनऊ, ग्रेविटी होम फरुखाबाद इशिता अग्रवाल लखनऊ, प्रातकता लखनऊ, पहनाया बुटिक लखनऊ, दुबई अटायर लखनऊ, लापशमिन लदाख तिरया फर्मस लखनऊ, आदरति क्रियेशनस लखनऊ, द बैस क्लब कानपुर त्रिनेत्रा फैशन लखनऊ, हया फातिमा – लखनऊ, हिलीग हाउस – ऑफ अदिति लखनऊ, अरबन छोरी लखनऊ, इकत्रित / सिंदूरी लखनऊ शालिनी मेल आर्ट – लखनऊ, दिपशिखा – लखनऊ, इनसपायर लिविंग कानपूर हेरिटेज प्रयागराज ए०जी०एस० हर्बलयहाँ अपने स्टॉल लगा रखे हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कभी उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# शांति बहाली की दिशा में भारत के कदम

अक्तूबर में प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से बात की थी और इस बात पर जोर दिया कि युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं है और भारत की इच्छा शांति प्रयासों में योगदान देने की है।

हाल ही में अमेरिकी सीआईए प्रमुख बिल बर्न्स ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह बहुत उपयोगी रहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परमाणु हथियारों के उपयोग के बारे में अपनी चिंताएं जताईं। मुझे लगता है कि रूस पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि रूस की परमाणु युद्ध की धमकी केवल डराने के लिए थी। पुतिन पहले ही साफ कर चुके हैं कि यूक्रेन में उनका 'विशेष सैन्य अभियान' कुछ और समय तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि रूसी मानवाधिकार परिषद को संबोधित करते हुए, पुतिन ने कहा था कि रूस 'सभी उपलब्ध साधनों' के साथ लड़ेगा। उन्होंने परमाणु हथियारों के संभावित उपयोग से इनकार नहीं किया था।

इस महीने की शुरुआत में बिल बर्न्स ने अंकारा में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई नरेश्कीन से मुलाकात की। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों के बीच बातचीत अमेरिका द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर अपनी चिंताओं और चेतावनी जताने तक सीमित थी। अक्तूबर में प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से बात की थी और इस बात पर जोर दिया कि युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं है और भारत की इच्छा शांति प्रयासों में योगदान देने की है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया था कि परमाणु हथियारों के खतरे के दूरगामी प्रभाव होंगे। पांच नवंबर को एक लेख में न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि 'पूरे युद्ध के दौरान भारत ने ऐसे कुछ महत्वपूर्ण क्षणों (परमाणु संयंत्रों पर रूसी हमलों को रोकना) के दौरान चुपचाप सहायता की है।' इसमें आगे कहा गया है कि यूक्रेनी अनाज के जहाज को स्वीकार करने के लिए रूस पर दबाव डालने में 'भारत ने पर्दे के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।' इसमें यह भी दावा किया गया है कि भारत ने ही रूस को जपोरिझिया परमाणु संयंत्र पर हमला करने से रोका था।

विगत 16 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से भी बात की, जिसमें मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाकर ही इसका समाधान निकल सकता है। यह मोदी ही थे, जिन्होंने सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। जी–20 और एससीओ के अध्यक्ष के रूप में भारत को संवाद को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी है।

किसी भी पश्चिमी देश ने जेलेंस्की पर वार्ता के लिए उस तरह से दबाव नहीं डाला, जिस तरह से भारत पुतिन पर दबाव बना रहा है। जेलेंस्की ने बातचीत शुरू करने से इनकार कर दिया, मुख्यतः इसलिए कि उसे पश्चिमी सहायता और समर्थन मिल रहा है। दुनिया जानती है कि कीव कभी भी क्रीमिया सहित अपने क्षेत्रों को फिर से हासिल नहीं कर सकता है, जिसे रूस ने 2014 में हड़प लिया था। तुर्किये में यूक्रेन–रूस वार्ता को अमेरिका और उसके सहयोगियों के दबाव के कारण बंद कर दिया गया था। पश्चिम ने कीव को सहायता प्रदान करते हुए क्रेमलिन पर प्रतिबंध और दबाव डाला, जिससे शांति सुनिश्चित नहीं होगी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि रूस ने युद्ध शुरू किया, लेकिन उसकी चिंताओं को न तो स्वीकार किया गया और न ही संबोधित किया गया, जिससे उसके पास कोई विकल्प नहीं रह गया था। यूक्रेन नाटो की ओर से छद्म युद्ध लड़ रहा है, जबकि उसके नागरिक युद्ध की कीमत चुका रहे हैं। रूस के साथ युद्ध में शामिल होने की तुलना में यूक्रेन को सशस्त्र करना अमेरिका के लिए एक सस्ता विकल्प है, क्योंकि युद्ध से अमेरिकियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। अंततः यूक्रेन की भावी पीढ़ियों को अमेरिका से प्राप्त हथियारों और धन की कीमत चुकानी होगी।

वैश्विक स्तर पर इस युद्ध को लेकर दो गुट हैं, जिनके विचार एकदम विपरीत हैं। पहले समूह में पश्चिमी देश शामिल हैं, जो चाहते हैं कि रूस को प्रतिबंधित करने और अलग–थलग करने के साथ–साथ छद्म युद्ध जारी रहे, जिससे यूरोप रूसी सैन्य खतरे से सुरक्षित रहे। उनका मानना है कि यह रूस–चीन गठबंधन को भी कमजोर करेगा, जिससे चीन पश्चिमी और एशियाई गठबंधनों का सामना करने के लिए अकेला पड़ जाएगा। अमेरिका ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ रूस को धमकी दी, लेकिन सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए जेलेंस्की पर वार्ता के लिए दबाव डालने से इनकार कर दिया। वे क्रेमलिन को अलग–थलग करने की उम्मीद में लगातार रूस से व्यापार करने वाले भारत जैसे देशों पर निशाना साध रहे हैं। इस प्रकार, उनका अंतिम उद्देश्य रूस है, जबकि शांति का मार्ग यूक्रेन से होकर गुजरता है। पश्चिम शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जल्दी में नहीं है।

दूसरे समूह में युद्ध से परोक्ष रूप से प्रभावित और शांति चाहने वाले राष्ट्र शामिल हैं। इस समूह में आमतौर पर भारत के नेतृत्व वाले एशियाई और अफ्रीकी देश शामिल हैं। युद्ध ने तेल, खाद्यान्न, उर्वरक और खनिजों सहित अन्य रूसी निर्यातों को प्रभावित किया है, आर्थिक रूप से कमजोर देशों के वित्तीय संकट को बढ़ाया है और जनता की पीड़ा में वृद्धि की है। भारत, जो दोनों समूहों के करीब है, शांति वार्ता और विश्व व्यवस्था बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि इसके लिए उसे पश्चिम के सहयोग की जरूरत है, जिसका अभाव है। पश्चिम ही वार्ता की अंतिम स्थिति तय कर सकता है। वार्ता वास्तविकता पर आधारित होनी चाहिए, क्योंकि रूस न तो क्रीमिया को खाली करेगा और न ही वर्तमान में अपने नियंत्रण वाले कुछ क्षेत्रों को। युद्धविराम लागू करने के साथ बातचीत शुरू करने का अर्थ यूक्रेनी बुनियादी ढांचे के विनाश और जनता की पीड़ा को रोकना भी होगा।

फिलहाल अमेरिका और उसके सहयोगियों का जोर प्रतिबंधों को बढ़ाने और रूस को अलग–थलग करने पर नजर आ रहा है। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू करने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में भारत शांति के अभियान में खुद को अलग–थलग पा सकता है। हालांकि, उसे दोनों देशों के साथ अपने संवाद बनाए रखना चाहिए। किसी समय पश्चिम को अपनी गलती का एहसास जरूर होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जयपुरिया इंस्टिट्यूट में हुआ विंटर स्कूल का समापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में रिसर्च मेथड्स पर पांच दिवसीय विंटर स्कूल कार्यक्रम का समापन हुआ। विंटर स्कूल 2022 में रिसर्च मेथड्स एंड थ्योरी, रिसर्च में पार्टिसिपेटरी मेथड्स, मेटा–एनालिसिस और मल्टी–क्राइटेरियन डिसीजन मेकिंग, अकादमिक मानसिक स्वास्थ्य, क्वालिटेटिव रिसर्च, स्ट्रक्चरल इक्वेशन मॉडलिंग और टॉप–टियर जर्नल्स में कैसे प्रकाशित करें, आदि जैसे महर्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कार्यक्रम के अंतिम दिन डॉ. सौम्या पंत, प्रोफेसर, ओहाईओ यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. द्वारा पार्टिसिपेटरी मेथड्स इन रिसर्चय और डॉ. उत्तम चक्रवर्ती, असिस्टेंट प्रोफेसर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ द्वारा स्ट्रक्चरल इक्वेशन मॉडलिंग पर सत्र लिए गए। डॉ. पंत ने लोगों का साक्षात्कार करने और ग्रामीण स्थानों का दौरा करने के शोध में भागीदारी के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. पंत ने प्रतिभागियों को जवाब देने में सहज बनाने के लिए अनुसंधान प्रक्रिया की शुरुआत में समतावादी संबंध बनाने के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. पंत ने रिपोर्ट जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अनुसार, अध्ययन के निष्कर्षों की रिपोर्ट की प्रस्तुति को पाठकों को उनके मूल्य और सटीकता के लिए राजी करना चाहिए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक डॉ. पंत के सत्र में भाग लिया और अपनी राय व्यक्त की। दूसरे सत्र में डॉ. चक्रवर्ती ने कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों को बताया कि स्ट्रक्चरल इक्वेशन मॉडलिंग (ेम्ड) सांख्यिकीय तकनीकों का एक सेट है जिसका उपयोग देखे गए और अव्यक्त चर



के संबंधों को मापने और विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। उन्होंने डेटा और उदाहरणों की मदद से एक्सप्लोरेटरी फैक्टर एनालिसिस और कन्फर्मेटरी फैक्टर एनालिसिस को समझाया। प्रतिभागियों ने एएमओएस–पुष्टिकरण सत्यापन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण का उपयोग करके एसईएम सीखा। द विंटर स्कूल ऑन रिसर्च मेथड्स में वक्ता डॉ. नृपेंद्र पी. राणा, प्रोफेसर, कतर विश्वविद्यालय, दोहाय डॉ. रामेश्वर दुबे, प्रोफेसर, मोंटपेलियर बिजनेस स्कूल, फ्रांसय डॉ. मारिसा एडवर्ड्स, लेक्चरर, द यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलियाय डॉ. मउत्सी मैती, प्रोफेसर, आईआईएम लखनऊय डॉ. जेके नायक, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी रुड़कीय डॉ. सतीश कुमार, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुरय डॉ. राजेश नानरपुझा, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईएम उदयपुरय तथा डॉ. मसूद सिद्दीकी, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष–सांख्यिकी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सत्र शामिल थे। समापन सत्र में डॉ. अनुभव मिश्रा – डीन रिसर्च और डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, विंटर स्कूल – सह–संयोजक की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जैपुरिया इंस्टिट्यूट में फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफ.पी. एम.) चेयर डॉ. आरती चंदानी द्वारा वोट ऑफ थैंक्स के साथ विंटर स्कूल कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कड़ाके की ठण्ड में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने नगर निगम से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देशों ''कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये'' के बावजूद भी गोमतीनगर में केन्द्रीय विद्यालय के बगल में बने वेण्डिंग जोन में खुले आसमान के नीचे गरीब अपनी रात गुजार रहे हैं। कोहरे के साथ कड़ाके की ठण्ड पड़नी शुरू हो गई है परन्तु नगर निगम के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की दिशा में कोई भी कार्यवाही नहीं शुरू की है। ठण्ड के कारण गरीबों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने नगर निगम से मांग की है कि अविलंब



सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाये जायें ताकि सर्दी से ठिठुरते गरीबों को राहत मिल सके। इस सम्बन्ध में ट्वीट कर भी मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर विकास विभाग तथा अन्य को जानकारी देकर शीघ्र अलाव जलवाए जाने की मांग की है।

## ऊर्जा मंत्री ने कहा विद्युत अभियन्ताओं के प्रयासों से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की दिशा में प्रदेश बढ़ रहा आगे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए ऊर्जा विभाग के सभी विद्युत अभियन्ता लगातार प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें, सामने जो भी कमियां दिखे उसे तत्काल प्रभाव से ठीक करने की कोशिश करें। उपभोक्ताओं की परियाद को भी गम्भीरता से लेते हुए तत्काल इसके समाधान के प्रयास किये जाने चाहिए। विद्युत दुर्घटनाओं को भी होने से रोकने के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य करना होगा। बेहतर विद्युत व्यवस्था एवं 24ग7 आपूर्ति से ही हम प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में आगे बढ़ सकेंगे और 24 घंटे निर्वाध विद्युत आपूर्ति भी प्रदेश को मिल सकेगी। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा रविन्द्रालय, चारबाग में आयोजित राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के 75वां महाधिवेशन के हीरक जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्युत अभियन्ता यह सुनिश्चित करें कि जितनी भी बिजली उपभोक्ताओं को दें, उतने की राजस्व वसूली भी करें। प्रदेश में हो रही बिजली चोरी को पूरे प्रयासों के साथ हरहाल में रोकना होगा। तभी हम लाइन लॉस के साथ राजस्व घाटे में कमी ला सकेंगे। उन्होंने नेवर पेड और नान मीटर उपभोक्ताओं को शीघ्र ही सिस्टम से समाप्त करने को कहा तथा जीर्णशीर्ण लटकते एवं झूलते तारों, बिजली पोल, ट्रांसफार्मर को बदलना होगा तथा इसकी भी निरन्तर निगरानी करनी होगी कि विद्युत दुर्घटनाओं से कोई भी जन, धन एवं पशु हानि न होने पाये। ए0के0 शर्मा ने कहा कि इस वर्ष 26 हजार मेगावाट से ज्यादा के विद्युत मांग को अभियन्ताओं के सहयोग से पूरा किया गया। व्यापक विद्युतीकरण की प्रक्रिया के कारण प्रदेश की विद्युत मांग बढ़ी है, जिसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बिलों में गड़बड़ी को रोकने के लिए स्वयं उपभोक्ताओं



द्वारा मीटर की फोटो खींचकर बिल जमा करने की प्रक्रिया को व्यापक बनाने की भी बात कही। उन्होंने विद्युत कनेक्शन के लिए झटपट पोर्टल को और व्यवहारिक बनाने के लिए कहा। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत अभियन्ताओं को विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि इस वर्कशाप में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुधारने पर चर्चा होगी और इसकी चिंता भी सभी करेंगे और सभी अभियन्ता यह संकल्प लेकर जायेंगे कि किसी भी विद्युत कर्मी की मौत विद्युत करंट से न हो, इस कार्य में संवाद को बढ़ाये और किसी भी प्रकार की इसमें लापरवाही न होने पाये। उन्होंने विद्युत अभियन्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की और इस क्षेत्र में अर्जित ज्ञान को आधुनिक तकनीकी के साथ देश एवं प्रदेश के विकास तथा लोगों की भलाई के लिए प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब पूरा देश बंद था तब भी हमारे विद्युत अभियन्ता पूरी लगन एवं मेहनत के साथ विद्युत आपूर्ति चालू रखें, जिसके लिए बहुत ही बधाई के पात्र हैं। ए0के0 शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा सौपें गये मांग पत्र एवं सुझाव पत्र पर भी विचार किया जायेगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एवं ऊर्जा राज्यमंत्री जी का जोरदार स्वागत किया और उन्हें भगवान राम दरबार का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर, संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष इंजी0 जी0वी0 पटेल, केन्द्रीय महासचिव इंजी0 जय प्रकाश के साथ संगठन के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश भर से आये संगठन से जुड़े हजारों की संख्या जूनि0 इजी0 मौजूद थे।

## सर्वांगीर्ण विकास के लिये एसकेडी एकेडमी की शाखाओं में कराये गये प्रोजेक्ट प्रेजेन्टेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विद्यार्थियों का सभी क्षेत्रों में सर्वांगीर्ण विकास हो इसके लिये प्रतिवर्ष समय समय पर एसकेडी एकेडमी विभिन्न कक्षाओं का उनके पाठ्यक्रम के आधार पर प्रोजेक्ट प्रेजेन्टेशन करवाता रहता है। जिससे कि बच्चों के व्यक्तित्व का विकास हो उनकी अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़े एवं किसी भी प्लेटफार्म पर जाकर उद्बोधन व सम्बोधन में आसानी हो। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने भिन्न भिन्न विषयों पर नाट्यरुपांतर के द्वारा एवं प्लेकार्ड के द्वारा अपनी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की एवं उनके माध्यम से पृथ्वी संरक्षण, जलवायु संरक्षण, जानवरों की सुरक्षा आदि संदेश दिये, साथ ही आज के परिप्रेक्ष्य में आनलाइन व्यवसाय, कैशलेश लेनदेन आदि बढ़ते हुये डिजिटल वर्ल्ड के बारे में भी जानकारी साझा की। इसके अलावा कुछ और जानकारियाँ जैसे कि सरकार (केन्द्र व प्रदेश) के विभिन्न पदों के बारे में साथ ही हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर



संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने बच्चों के सभी विषयों के बारे में प्रस्तुतीकरण को देखा व सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चों को नई पद्धति से पढ़ायें जिससे कि उनको सभी विषय अधिक रुचिकर व सहज लगें। वे स्वयं आत्मविश्वास से अपने भावों की अभिव्यक्ति कर सकें बिना किसी हिचकिचाहट के। इसलिए हमने पाठ्यक्रम में शामिल करके बच्चों की आगे बढ़कर सीखने की क्षमता को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया है।

## राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता हेतु राजधानी के चार खिलाड़ी चयनित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : खो–खो फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा रायबरेली के मोती लाल नेहरू स्टेडियम में राष्ट्रीय जूनियर बालक–बालिका खो–खो प्रतियोगिता हेतु चयन–ट्रायल का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस ट्रायल कैम्प में पूरे उत्तर प्रदेश के 258 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें राजधानी के चार खिलाड़ियों ने चयनित होकर उ0प्र0 के साथ अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता के लिये केन्द्रीय विद्यालय, आरडीएसओ की अनामिका, सेंट जोसेफ माण्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम् की अदिति सिंह का बालिका वर्ग में तथा गांधी विद्यालय इण्टर कालेज, आलमबाग के अर्श यादव व कृष्णा मिश्रा का चयन बालक वर्ग में हुआ है। राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता का आयाजन पश्चिम बंगाल कोलकाता के



हुगली शहर में किया जायेगा। भारतीय खो–खो संघ के विशेषज्ञ खिलाड़ियों सुधा तिवारी, डा0 प्रीति, डा0 हर्षिता त्रिपाठी, अवनीश कुमार, अरूण प्रताप, हरफुल सिंह व सना पाण्डेय आदि ने चयन प्रक्रिया को संपन्न कराया।

## आरड्यूनों की कार्यशाला में बच्चों ने सीखा प्रोजेक्ट बनाना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : बच्चों में रोबोटिक्स व आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान नगरी में आरड्यूनों–आईडीई की एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट जोसेफ, सेंट्रल एकाडमी सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रोबोटिक्स के प्रति रूचि उत्पन्न करना था। बच्चों ने सीखने के बाद आरड्यूनों की सहायता से कई मॉडल बनाये। कार्यशाला में आंचलिक विज्ञान नगरी के टक्निकल अधिकारी डी0ए0 रावत व शिक्षा अधिकारी कार्तिक चटर्जी ने बच्चों को आरड्यूनों के उपयोग की जानकारी प्रदान की। वही बच्चे भी इस कार्यशाला से काफी उत्साहित दिखे। विज्ञान नगरी में उमड़े स्कूली बच्चे विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को विज्ञान नगरी का भ्रमण कराया जा



रहा है। राजधानी समस्त सरकारी व सहायता प्राप्त व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को विज्ञान नगरी का निःशुल्क भ्रमण कराया जा रहा है। जहां वे दैनिक जीवन में विज्ञान से रूबरू हो रहे है। शिक्षा निदेशालय द्वारा सभी स्कूलों को निर्देश दिये गये है किवे अपन बच्चों को विज्ञान नगरी का भ्रमण करा कर उनकों विज्ञान के प्रति जागरूक करें। इसी के चलते विज्ञान नगरी में स्कूली बच्चों का जन–समूह उमड़ रहा है।

## कानपुर में हुआ ए टू जेड अवार्ड 2022 फार रीयल कांकरर्स का शुभारंभ

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : हेल्थ लाइन फाउण्डेशन तथा वेबवुड फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा प्रस्तुत ए टू जेड अवार्ड 2022 फार रीयल कांकरर्स समारोह कानपुर के खलासी लाइन स्थित हरिहरनाथ शास्त्री भवन में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विजय कपूर जी (चेयरमैन) संजय पाठक जी (मोदी सेना के प्रदेश अध्यक्ष) ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जिसमे अरविंद सिंह (रजत श्री फाउंडेशन ) ,सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, कमिश्नर बी पी जोगदंड, पुलिस मुख्यालय के महानिदेशक विजय कुमार, भाजपा नेता जीत प्रताप . विजय कपूर, विजय मर्तोलिया , अरविंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह दोपहर के 2 बजे से सायं 4 बजे तक चला।समारोह का आरंभ गणेश वंदना तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयुष, काव्यांशी,अर्चना, मोहित ने गायन , नंदिता और जानह्वी ने कथक नृत्य , दीपांगकोना ने पियानो में अपने हुनर का परिचय दिया। ज्योत्सना ने पुरूष तथा महिला दोनों के स्वर में गीत गाकर मन मोह लिया। मुंबई से आए मॉडल्स ने फैशन शो में इंद्र धनुषी छटा बिखेरी। समारोह में कानपुर लखनऊ कोलकाता मुबंई बलिया गुजरात उन्नाव से 60 लोगों को विभिन्न कैटेगरी के अवार्ड से नवाजा गया। वी. चक्रवर्ती , आलोक नारायण द्विवेदी तथा मल्लिका चक्रवर्तीको शिक्षा , हरीश झा, देव पाठक, अजय शर्मा को वादन , मनोज श्रीवास्तव ,रितु भार्गव गायन , विपिन निगम नृत्य, डा. रामअवतार , डा. जलज, डां अश्विनी चिकित्सा, अरविंद डिमरी , राजु पोरवाल , देवेन्द्र मिश्र विधि



ा .डां विंदु, साधना तिवारी .संदीप सोनी उद्यमी, सिमरन कौर, पूजा गुप्ता समाज सेवा, भावना श्रीवास्तव ,राज गुप्ता, रूपा गौर स्पोर्ट्स. बालयोगी श्री अरूण पुरी जी, ज्योति बाबा धर्म गुरू , नंदकिशोर मिश्र , यशवंत सिंह बहादुर पुलिस कर्मी,प्रज्जवल गुप्ता को गायन, नंहे इतिहासकार यशवर्धन सिंह को वंडर किड,राजेन्द्र अरोड़ा को वरिष्ठ नागरिक और किन्नर समाज के काजल किरन , तथा लाजोरानी को lgbtq श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। मीडिया बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। उक्त समारोह में 102 लोगों को गेस्ट ऑफ आनर से सम्मानित किया गया। आर्गेनाइजर एम एम मालवीय जी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अवार्ड शो होते रहेंगे। हेल्थ लाइन फाउण्डेशन के फाउंडर डां दीपक चक्रवर्ती डाइरेक्टर तापसी चक्रवर्ती तथा वेबवुड फिल्म प्रोडक्शन हाउस के फाउंडर गोविंद भारती भी उपस्थित होकर नगर वासियों को बधाई दी ।

# थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्र.नि. ओम नारायण सिंह के नेतृत्व मे दिनांक 19.12.2022 को थाना स्थानीय की पुलिस टीम व आबकारी टीम द्वारा शिवपुर बाईपास के पास संदिग्ध चेकिंग की जा रही थी, मुखबिर खास की सूचना पर जौगीपुर नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसने अपना नाम बंशराज पुत्र वकील ग्राम बुजुर्गा थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष बताया जामा तलासी ली गयी तो उसके पास से दो जरिकेन में 10–10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.बंशराज पुत्र वकील ग्राम बुजुर्गा थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष। बरामदगी– 1.20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद। आपराधिक इतिहास– 1. मु.अ.सं. 388/2022 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1.प्र.नि. ओम नारायण सिंह थाना मडियाहूँ, जौनपुर 2.उ.नि. संतराम यादव थाना मडियाहूँ, जौनपुर 3. हे0का0संजय सिह, हे0का0 रामविलास, का0 भानूप्रताप यादव, का0 सूर्यकुमार यादव थाना मडियाहूँ, जौनपुर 4.आबकारी निरीक्षक श्री बसन्त प्रसाद, हे.का. आ0का0 यशवन्त कुमार, का. आबकारी मनोज कुमार आबकारी क्षेत्र 2 मडियाहूँ, जौनपुर

# करंजाकला ब्लॉक में प्रधान और विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष को किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लॉक संसाधन केंद्र करंजकला डा ल्हनपुर के प्रांगण में एक दिवसीय संगोष्ठी/ उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से ब्लॉक के सभी विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ,ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, विशिष्ट अतिथि उप शिक्षा निदेशक /डायट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव ,वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ आर एन यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला श्रवण कुमार यादव ने मुख्य अतिथि एवं डायट प्राचार्य डा सच्चिदानंद यादव व आए हुए सभी अतिथियों को बुके देकर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किए। विज्ञान ए आर पी संदीप कुमार चौधरी ने निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया। गणित ए आर पी सतीश चंद्र मौर्य ने डी बी टी के द्वारा अभिभावक के खाते में शासन द्वारा भेजे गए 1200 रुपए को कैसे खर्च करें इसकी जानकारी प्रबन्ध समिति अध्यक्ष , ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक को बताया। विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव ने सभी शिक्षकों से अपील किया शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। बच्चों को मुख्यधारा से जोड़े। पूरा समाज देश हमें उस निगाहों से देखता है कि हम एक भारत की कल्पना करने जा रहे हैं, भारत के नौनिहालों के चेहरे पर मुस्कान नहीं होगा तो मैं समझ सकता हूं, मैं इस दुनिया का कोई काम नहीं कर सकता हूं। प्रधानाध्यापक टीम लीडर की भावना से काम करें । मैं सम्मानित ग्राम प्रधानों को सैल्यूट करता हूं कि उनकी मेहनत से कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की दिशा व दशा बदली है अधिकारी विद्यालय का निरीक्षण करने जाएं तो शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने का काम करें। वरिष्ठ



डॉक्टर डॉक्टर आर एन यादव ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि आप सभी पूरे मनोयोग से विद्यालय में शिक्षण कार्य करें जिससे करंजकला ब्लॉक उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर निपुण लक्ष्य हासिल करने में नाम दर्ज करा सके। प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव ने सभी विद्यालयों से आए हुए प्रबंध समिति अध्यक्ष व प्रधान को 19 पैरामीटर के संतृप्ति करण एवं डीबीटी धनराशि के उपयोग के लिए धन्यवाद दिया । और उन्होंने यह भी कहा जिस विद्यालय में 19 पैरामीटर पूरे हो गए हैं वहां के प्रधानाध्यापक व प्रधान को सम्मानित करने का काम किया जाए जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जा सके । इस मौके पर ए आर पी जगदीश यादव, डॉ मनोज सिंह ,अच्छेलाल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव, युटा अध्यक्ष संजय सिंह , अटेवा जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव, अतुल सिंह ,अनिल यादव, श्रीपाल यादव, मोहम्मद हाशिम, अनिल मिश्रा, चंद्रप्रकाश ,सुनील यादव ,विजयलक्ष्मी यादव, वैदेही सखी, शैला अख्तर ,प्रधान कपिल देव सिंह, मिथिलेश यादव प्रबंध समिति अध्यक्ष सुरेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने आए हुए सभी अतिथियों एवं सम्मानित ग्राम प्रधान व प्रबंध समिति अध्यक्ष, समस्त शिक्षकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन संजय यादव ने किया।

# थाना मछलीशहर पुलिस ने अपहरण व बलात्कार के मुकदमें में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा मु0अ0सं0 200/22 धारा 363, 366, 376 IPC व 5/6 POCSO Act में वांछित गोलू बिन्द उर्फ सनी पुत्र मुन्नालाल बिन्द निवासी दाऊदपुर थाना मछलीशहर जिला जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष की गिरफ्तारी रोडवेज बस स्टैण्ड कस्बा मछलीशहर से आज सुबह की गयी। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध पीड़िता की माता की तहरीर पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 200/22 उपरोक्त दिनांक 18.08.2022 को पंजीकृत हुआ, जिसकी पीड़िता की बरामदगी की जा चुकी है। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.गोलू बिन्द उर्फ सनी पुत्र मुन्नालाल बिन्द निवासी दाऊदपुर थाना मछलीशहर जिला जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 200/22 धारा 363, 366, 376 IPC व 5/6 POCSO Act थाना म0शहर जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह, थाना मछलीशहर जौनपुर । 2.का0 भृगुनाथ चौहान, थाना मछलीशहर जौनपुर।

# यूथ फेस्टिवल के तैयारी की कुलपति ने की बिंदुवार समीक्षा : इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल 12– 13 जनवरी को

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन 12– 13 जनवरी 2023 को होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी दी है ।इसमें प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य ने इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल आयोजन के लिए बुधवार को कुलपति सभागार में आयोजन समिति के समन्वयकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम को पूरे उत्साह के साथ आयोजित करेगा। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि समयबद्ध तैयारियों को पूर्ण करना होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु 19 समितियों के संयोजक नामित किये गए है। उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने संयोजकों से कहा कि उनको आर्थिक समस्या नहीं होगी। बिंदुवार कार्य को प्रोफेसर राकेश यादव ने पड़ा। यूथ फेस्टिवल के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में प्रदेश के समस्त राज्य



विश्वविद्यालयों की टीमों को प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है. इंटर युनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं निर्णायक मंडल के आलोक में आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ गिरिधर मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, एआर दीपक सिंह, बबिता सिंह, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य,, सुशील प्रजापति समेत समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# गणित के मॉडल्स की दो दिवसीय प्रदर्शनी 'मैथे–मैजिका' का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एल डी ए कॉलोनी , कानपुर रोड ,लखनऊ स्थित 'स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज' में गणित के मॉडल्स की दो दिवसीय प्रदर्शनी 'मैथे–मैजिका' का आयोजन किया गया।



गणित के प्राध्यापक रोमित भट्टाचार्य के दिशा–निर्देशन में कक्षा 9 से 12 के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया गया। प्रधानाचार्या सिस्टर गीता तथा सीनियर कोऑर्डिनेटर लतिका तिवारी द्वारा प्रदर्शनी को संरक्षण प्रदान करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन किये जाने हेतु प्रतिबध्दता व्यक्त की गयी जिससे कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा जीपीएस सिस्टम, एलिप्स, एरिस्टॉटल व्हील पैराडॉक्स सहित दर्जनो मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रतिभागियों में अर्जुन वर्मा, यथार्थ, भव्या शुक्ला, देवांश, ईशान, आयुषी, मानव,तनप्रीत, अनुष्का, रिद्धि, सुयश इत्यादि प्रमुख रहे,मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने उक्त आयोजन के लिए विद्यालय प्रबन्धन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# गणतंत्र दिवस परेड में चयनित स्वयंसेविका का कुलपति ने किया सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल मौर्या का गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 में चयन के



उपरान्त कुलपति प्रो.निर्मला एस.मौर्य ने मंगलवार को कुलपति कार्यालय में माला पहनाकर स्वागत करके अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव ने इसे एनएसएस के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने भी आँचल मौर्या का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ हिमांशु सिंह, महामंत्री डॉ राहुल सिंह, प्रो.अजय द्विवेदी, संयुक्त मंत्री डॉ गंगेश दीक्षित, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, नोडल अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार बिंद,निजी सचिव कुलपति डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य,सुमित सिंह, राम कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे ।

# कोहरा छटने के बाद ही होगा पुनः संचालन –एम0डी0 परिवहन निगम

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने कोहरे के दृष्टिगत बसो के संचालन में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया है। कोहरे के कारण हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि यदि मार्ग पर कोहरा पाया जायेगा तो बसों को मार्ग में पड़ने वाले बस स्टेशनों, ढाबा, थाना, पेट्रोल पम्प, टोल प्लाजा पर कोहरा कम होने तक खड़ी कर दी जायेगी। इसका निर्णय क्षेत्रीय प्रबंधक स्थानीय स्थिति के अनुसार करेंगे। कोहरा छटने के बाद ही बसों का संचालन पुनः किया जायेगा। लगभग एक माह तक कोहरे के दृष्टिगत बसों की ऑनलाइन बुकिंग भी बंद कर दी गयी है। परिवहन मंत्री के निर्देश मिलने के उपरांत परिवहन निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्णय लिया गया है। यह सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रात्रि 08:00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक बस स्टेशनों पर कैम्प करेंगे तथा यात्रियों एवं चालक/परिचालक हेतु स्टेशनों पर ठहरने, अलाव, शौचालय, साफ–सफाई, सुरक्षा के चाक–चौबंद उपाय उपलब्ध कराएंगे। बस स्टेशनों पर स्थित कैन्टीन, स्टाल रात–दिन खुले रहेंगे। ब्रेथ एनेलाइजर से चालकों की मादक पदार्थों के सेवन की जांच भी की जायेगी। इस सम्बंध में एम0डी0 परिवहन निगम द्वारा सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि बसो का संचालन पूर्व नियोजित ढंग से रात्रि8.00 बजे से प्रातः8.00 बजे तक या कोहरा खत्म होने तक बंद किया जायेगा, जिससे किसी स्टेशन पर अत्यधिक बसें इकट्ठी न हो तथा यात्रियों को असुविधा न हो। किसी भी परिस्थिति में कोहरे की स्थिति में निगम बसों का संचालन नहीं किया जायेगा। घने कोहरे के कारण बस दुर्घटना होने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बंधित अधिकारी का होगा और सम्बंधित मार्ग के सभी बसों के चालकों/परिचालकों को इस सम्बंध में शीघ्र सूचना देने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार निजी बसों की दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल सम्बंधित आरटीओ/एआरटीओ को इसकी सूचना देने साथ ही स्वयं भी मौके पर पहुंचें। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से इसकी जानकारी यात्रियों, चालकों/परिचालकों को दी जायेगी। सम्पर्क सूत्र– आशीष सिंह, शिव पूजन तिवारी/03:30 फोन नम्बर 0522–2239023, ई0पी0बी0एक्स0रू0522 –2239132,33,34,35 एक्सटेंशन रू 223 224 225, फैक्स नं0 रू0522–2237230,0522–2239586

# त्रिदिवसीय पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर, राजाजीपुरम, लखनऊ के प्रागंण में त्रिदिवसीय पौध रोपण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय हरित कोर्ज (इको क्लब) के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 17.12.202 को किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेश सिंह, कार्यकारिणी समिति की सदस्या श्रीमती मुन्नी देवी, निदेशक डॉ० अमित सिंह, प्राचार्य प्रो० बी० बी० सिंह, डी०एल०एड० विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या डॉ० विजया आर० वर्मा की उपस्थिति में कराया गया। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में पौधरोपण की विथियों, शीत ऋतु में विभिन्न प्रकार की पुष्पीय पौधों की प्रजातियों, उनके रख रखाव के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ साथ इन पुष्पीय पौधों के औषधीय गुणों, उत्पत्ति स्थान, मूल स्थान आदि के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के पुष्पीय पौधों जैसे पिटूनिया, डालिया, कैलेन्डुला, वरबीना, गुलाब को गमले में प्रशिक्षुओं द्वारा पौधरोपण किया गया और इनके रख–रखाव की जिम्मेदारी ली गई। इस कार्यक्रम में बी.एड., डी.एल.एड. एवं बी.एल.एड. के. प्रशिक्षु सम्मिलित हुए । महाविद्यालय की




डी०एल०एड० विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या डॉ० विजया आर० वर्मा ने प्रशिक्षुओं को पर्यावरण हितैषी कार्य करने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीषा पाण्डेय एवं डॉ० माधव कुमार राय की मुख्य भूमिका रही । इसके अतिरिक्त इन शिक्षक–शिक्षिकाओं डॉ० शिवाकान्त श्रीवास्तव, अंजू सिंह, विजय कुमार मिश्रा, अभिषेक वर्मा, जसप्रीत कौर, शालिनी पाण्डेय, डॉ० मंजेश कुमार, गरिमा सिंह, आकांक्षा सैनी, शालिनी सिंह, जितेन्द्र कुमार मण्डल, पद्मा त्रिपाठी, वैशाली देवल सहित अन्य कार्यालय कमी कमलेश कुमार, सुधीर त्रिपाठी एवं हर्षित कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# महा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से कुलपति ने की चर्चा : कुलपति सभागार में नव निर्वाचित शिक्षको को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रदेशीय विश्वविद्यालय महा शिक्षक संघ पुपुक्टा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कुलपति ने सम्मानित किया और इस दौरान उनसे शिक्षा गुणवत्ता को लेकर चर्चा पर किया। अभी हाल में हुए उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महा शिक्षक संघ के चुनाव में टीडी पीजी कॉलेज जौनपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो हिमांशु सिंह उपाध्यक्ष पद पर व नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के डॉ योगेश दीक्षित संयुक्त मंत्री पद पर विजय हासिल की। विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति सभागार में कुलपति से मुलाकात करने पहुंचे ।इस दौरान कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने उन्हें स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया और उनके निर्वाचन पर उन्हें बधाई भी दी ।इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय महा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से देश प्रदेश के स्तर पर उच्च शिक्षा को लेकर चर्चा परिचर्चा किया और कहा कि शिक्षक अपने विद्वत्ता से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण कड़ी होता है,



लोग अपने अपने सुझाव भी समय–समय पर विश्वविद्यालय को देते रहें। जिससे छात्र और शिक्षकों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े । अवसर पर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय प्रताप सिंह, महामंत्री डा राहुल सिंह ,प्रो एके चतुर्वेदी ,डॉ पंकज गौतम, डॉ नरेंद्र देव पाठक ,डॉ शैलेंद्र सिंह ,डॉ नरेंद्र कुमार सिंह ,डॉ विपिन कुमार सिंह, प्रो अजय कुमार शुक्ला, डॉ अरविंद कुमार सिंह,डा धर्मेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

# थाना बक्सा पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार : कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम गाँजा बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री अजय साहनी जौनपुर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे वाँछित/वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.12.2022 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह कर्म0गण के नौपेड़वा मई मोड़ पर मामूर था कि मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति झोले में गाँजा नाजायज लेकर लखनीपुर तिराहे से नौपेडवा की तरफ आ रहा है इस सूचना पर विश्वास कर यूनियन बैंक के पास दुकान की आड़ लेकर पुलिस बल छिपकर आने वाले व्यक्ति का इन्तजार करने लगे कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति झोला लिये पैदल आता हुआ दिखायी दिया पुलिस बल द्वारा आते हुए व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया गया जिसकी जामा तलाशी से नाजाजाय गाँजा 01 किली 500 ग्राम बरामद हुआ जिसके आधार पर अभियुक्त विजय कुमार मौर्य पुत्र सीताराम मौर्य ग्राम चुरावनपुर थाना बक्शा जौनपुर आज दिनांक 20.12.2022 को नौपेड़वा बाजार यूबीआई बैंक के पास से मय माल की बरामदगी व गिरफ्तारी कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 372/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.विजय कुमार मौर्य पुत्र सीताराम मौर्य ग्राम चुरावनपुर थाना बक्शा जौनपुर। बरामदगी – 1. एक प्लास्टिक के झोले में 01 किलो 500 ग्राम अवैध नाजायज गाँजा। आपराधिक इतिहास–1–मु0अ0सं0 372/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बक्शा जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 193/2019 धारा 60 Ex Act थाना बक्शा जौनपुर। 3–मु0अ0सं0 205/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4–मु0अ0सं0 203/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–1–थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी सिंह थाना बक्सा जौनपुर। 2–उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 छविनाथ, का0 शैलेन्द्र कुमार थाना बक्शा जौनपुर।

# यूपी में दो दिनों तक रहेगा घना कोहरा : मौसम वध्भाग का 24 जिलों में आरेंज और 36 जिलों में येलो अलर्ट

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।घने कोहरे की चादर कड़ाके की ठंड लेकर आ गई है। सोमवार की रात से ही घने कुहासे ने राजधानी समेत प्रदेश के कई जिलों को अपनी आगोश में ले लिया। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे तक कोहरा रहा। इसकी वजह से दृश्यता भी 50 मीटर ताकि दर्ज की गई। बुधवार तक 60 जिलों में घने कोहरे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। यूपी में कोहरे का कहर, शीतलहर की चपेट में पूरी प्रदेश आंचलिक मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख एम दानिश के अनुसार, गुरुवार तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सुबह के समय घने कोहरे की चादर छाई रहेगी। इस दौरान दृश्यता 50 से 100 मीटर तक रहेगी। हालांकि दिन के समय आसमान साफ रहेगा लेकिन पारे में गिरावट से ठंड का एहसास होता रहेगा। शुक्रवार से कोहरे में कमी दर्ज की जा सकती है। इस दौरान दिन और रात के समय तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान झांसी में 26.2 डिग्री सेल्सियस और बस्ती में 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में भी अब गिरावट दर्ज की जा रही है। सबसे कम तापमान सोनभद्र के चुर्क में 6.8 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के कई हिस्सों में घने से अत्यधिक घना कोहरा सुबह के समय रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है ।मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बुधवार की सुबह तक लखनऊ समेत बाराबंकी, उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद और शामली में घना कोहरे की दृष्टि से आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को लखनऊ, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, जौनपुर, संत रविदास नगर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, अलीगढ़ और मथुरा में घने कोहरे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वानुमान के अलर्ट के अनुसार आरेंज अलर्ट में कुहासे के प्रति सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं, येलो अलर्ट के तहत घना कोहरा पड़ने की आशंका है। ऐसे में सचेत रहना बेहतर होगा।

# समर्पण महिला उत्थान समिति का धूम धाम से मनाया गया स्थापना दिवस

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : समर्पण महिला उत्थान समिति के तत्वाधान में घाटमपुर कुष्मांडा देवी प्रांगण स्थल में स्थापना दिवस मनाया गया । विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र शुक्ला दे स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि गणों का स्वागत किया गया संस्था के पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया । इस बीच बच्चों ने गीत वह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम अध्यक्ष साधना तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ व संगठन की संरक्षक रचना द्विवेदी,उपाध्यक्ष आलोक पाण्डेय ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुधा सिंह,जिला कोषाध्यक्ष कपिल ने महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के क्षेत्र में संगठन की उपलब्धियों को गिनाया ।मुख्य अतिथि बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला सुख सिमरन शक्ति फाउंडेशन ऑफ इंडिया की संस्थापक सिमरन कौर व विशिष्ट अतिथि नीरजा अवस्थी, सीता,रेनू रहीं कार्यक्रम समिति के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में समर्पण महिला उत्थान समिति की अध्यक्षा साधना तिवारी, धर्मेन्द्र शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष, कुनाल सिंह जिलाध्यक्ष, अंकित सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष, जगत पांडे प्रदेश उपाध्




यक्ष, प्रवीण सिंह चंदेल जिला मंत्री, मदन मोहन मालवीय जिला सचिव, मंजू मिश्रा प्रदेश सचिव, संदीप अवस्थी जिला संयोजक, अचिन अरोड़ा जिला महामंत्री, रेनू भरद्वाज, आशीष मिश्रा हरदोई जिला अध्यक्ष, शुभम सिंह चंदेल जिला कार्यकारिणी सदस्य आलोक पाण्डेय, संदीप सोनी,प्रतिमा तिवारी,रिचा शुक्ला,रंजना निगम,जयश्री, प्रवीण, शुभम, मनीष, विवेक घाटमपुर की मीडिया आदि पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस बीच क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम की सराहना की।

## कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर जमीन कब्जा करने में जुटे भूमाफिया

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : कोतवाली थाना क्षेत्र के मखदुमपुर मे चल रहे वर्षों से जमीनी विवाद पर भूमाफिया द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए जमीन कब्जा करने का प्रयास किया गया। भूस्वामी ने जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मखदुमपुर नगर के निवासी राज कुमार अग्रहरी का अपने पाटीदारों से जमीन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। बीते रविवार को विपक्षी पक्ष ने किराए पर कुछ मजदूर बुला कर विवादित जमीन पर बने मकान को गिराने का प्रयास करने लगे आनन–फानन में राज कुमार अग्रहरी ने इसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी वही तोड़फोड़ का वीडियो भी राजकुमार अग्रहरि ने बना लिया सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर तोड़फोड़ कर रहे मजदूरों को कड़ी हिदायत देते हुए मकान के ध्वस्तीकरण को रोक दिया, राजकुमार ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी तथा नगर सिटी मजिस्ट्रेट से की, वही ध्वस्तीकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई,मामले को संज्ञान में लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की तथा कोर्ट के आदेशों का पालन करने का निर्देश दिया है।

# गोमती नदी में समा गई कार : दो सकुशल निकले एक युवक और युवती की तलाश जारी

लखनऊ ब्यूरो : गोमतीनगर रिवरफ्रंट स्थित कुकरैल नाले के पास मंगलवार रात साढे 9 बजे कार सवार चार लोग व एक कुत्ता नदी में डूब गए। नदी में डूबते ही दो युवक स्थानीय युवकों की मदद से किसी तरह बच कर निकल आए लेकिन एक युवती, युवक व कुत्ता नदी में डूब गए। हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस व दमकल कर्मियों ने कुत्ते को मृत अवस्था में निकाला। वहीं एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की मदद से एक युवती समेत दो लोगों की तलाश की जा रही है। जेसीपी पीयूष मोर्डिया के मुताबिक एक कार में चार लोग कुत्त के साथ जा रहे थे। तभी पानी के बहाव के चलते गाड़ी फिसल कर नदी में डूब गई। हादसे में नदी में डूबे दो लोगों की तलाश की जा रही है। जेसीपी के मुताबिक नदी से निकले अभिषेक व दुष्यंत ने बताया कि रोजाना कुत्ते को टहालने आते थे लेकिन आज पानी में बहाव तेज होने के कारण कार फिसलने लगी, तो संभाल नहीं पाए, सीधा नदी में डूब गए। वहां से गुजर रहे पेपर मिल कॉलोनी के कुछ लड़कों ने बचाने का शोर सुना तो उन लोगों ने किसी तरह निकाल लिया लेकिन साथ में मौजूद नेपाल निवासी मीना कुमारी (35) व मिर्जापुर निवासी मुन्नु यादव को नहीं निकाल सके। जेसीपी ने बताया कि मौके पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की मदद से दोनों की तलाश की जा रही है।

# अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने दूर की ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़ी कई भ्रांतियां

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, खासतौर से नी रिप्लेसमेंट (घुटना प्रत्यारोपण को लेकर लोगों के बीच कुछ भ्रांतियां हैं, जिनका तथ्यों की रोशनी में निराकरण करना जरूरी है। यह बात अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विशेषज्ञों ने रखी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही यह भी घोषणा की गई कि प्रदेश के जाने–माने ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ. संजय श्रीवास्तव अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में बतौर चेयरमेन ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ज्वाइन किया है। डॉ श्रीवास्तव के पास 27 से अधिक वर्षों का प्रोफेसनल व एकेडमिक अनुभव है और वे 18000 से अधिक सफल ऑर्थो और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर चुके हैं। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के सीईओ व एमडी डॉ मयंक सोमानी ने बताया, ''आमतौर पर यह माना जाता है कि आर्टिफिशियल ज्वाइंट रिप्लेसमेंट से प्राकृतिक ज्वाइंट्स का अहसास नहीं हो सकता। जबकि हकीकत यह है कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों, डिजाइनों और सर्जिकल प्रोसीजर में काफी एडवांसमेंट हो चुका है। अब घुटने और कूल्हे के डिजाइन कुदरती जोड़ों का अहसास कराते हैं क्योंकि ये लगभग प्राकृतिक जोड़ों की तरह होते हैं।'' उन्होंने बताया, ''मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि डॉ संजय श्रीवास्तव ने हमें बतौर चेयरमैन ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ज्वाइन किया है। ऑर्थोपेडिक्स सर्जरी में वे एक जानामाना नाम हैं। वे एक जनवरी से अपनी सेवाएं देंगे। डॉ श्रीवास्तव को मरीजों की आवश्यकता के अनुसार इम्प्लांट्स विकसित करने में महारत हासिल है। वे कई जानी मानी इम्प्लांट्स बनाने वाली कंपनियों के लिए बतौर डिजाइन कंसल्टेंट अपनी सेवाएं दे रहे हैं। '' डॉ सोमानी ने कहा, ''यूपी और पड़ोसी राज्यों के मरीजों को अपोलोमेडिक्स अस्पताल द्वारा स्टेट ऑफ आर्ट मेडिकल टेक्नोलॉजी का प्रयोग कंप्रेहेंसिव ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाती है। करके महत्वपूर्ण आर्थोपेडिक इलाज प्रदान किया जाता है। हमारे यहां लेटेस्ट मेडिकल टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर आर्थ्रोस्कोपिक और रिकॉन्सट्रक्टिव विधियों के साथ हड्डी और ज्वाइंट्स के




रिप्लेसमेंट की सर्जरी की जाती है, जिनमें हिप रिसर्फेसिंग और घुटने के रिप्लेसमेंटकी सर्जरी भी शामिल है। नाजुक माने जाने वाली हाथ की माइक्रोसर्जरी और कंधे के ऑपरेशन भी हमारे विशेषज्ञों द्वारा बेहद सावधानी और अत्यधिक सटीकता के साथ किए जाते हैं।'' डॉ श्रीवास्तव ने हड्डी से सम्बंधित रोगों पर चर्चा करते हुए कहा, ''लोगों के बीच यह धारणा है कि नी सर्जरी सर्जरी की सफलता दर बहुत कम होती है या जब तक संभव हो, नी सर्जरी से बचना चाहिए। जबकि हकीकत यह है ज्वाइंट्स रिप्लेसमेंट सर्जरी के मामले में सफलता की दर 98: है। यह पूरी तरह सर्जरी की गुणवत्ता, इस्तेमाल किए गए प्रोस्थेसिस और ऑपरेशन के बाद मरीज के ठीक होने पर निर्भर करता है। दूसरा सर्जरी के लिए अनावश्यक रूप से देरी करना, सर्जन के लिए तकनीकी रूप से अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है और इससे मरीजों का स्वास्थ्य समय के साथ बिगड़ता चला जाता है। उन्होंने बताया, "पहले 50 वर्ष की उम्र के बाद लोगों में हड्डियों से सम्बंधित समस्याएं देखने को मिलती थीं। बदलती लाइफस्टाइल और खानपान के चलते अब 30 वर्ष की उम्र में ही अधिकांश लोग हड्डियों में कमजोरी, चलने–फिरने में दिक्कत, पीठदर्द, कमजोरी और थकान की शिकायत तेकर अस्पताल आते हैं। इन बीमारियों के चलते ऑस्टियोपोरोसिस का होने का खतरा हमेशा बना रहता है। वर्तमान में खासतौर से कमर की हड्डी, कूल्हे की हड्डी की समस्या वाले ज्यादा मरीज पाए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में अत्याधुनिक चिकित्सा यंत्र व सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो मरीजों के जटिल से जटिल हड्डी रोगों का इलाज बेहद सटीकता से कर मरीज को रोग से निजात दिलाने का भरपूर प्रयास करते हैं।''

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा बन गई भारत तोड़ो यात्रा : कांग्रेस कर रही हिंदी हिंदू व सनातन संस्कृति का अपमान –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुनर्स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना, "भारत जोड़ो यात्रा" ने अब सौ दिन से अधिक दिन पूरे कर लिए हैं लेकिन यात्रा के दौरान हुयी गतिविधियों और राहुल गांधी के बयानों ने इसे "भारत तोड़ो यात्रा बना दिया है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि नफरत के इस बाजार में वह मोहब्बत का पैगाम लेकर चल रहे हैं जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। यात्रा का अब तक का पूरा समय या तो ऐसे लोगों से मिलने में बीता है जो भारत और हिन्दू विरोधी रहे हैं या फिर भारत के प्रधानमंत्री को अपशब्द कहते किन्तु विगत कुछ दिनों में तो राहुल गांधी व उनके पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी मर्यादाओं को ताक पर रख कर विषवमन प्रारंभ कर दिया है। चीनियों ने अरुणाचल के तवांग में शरारत करने की हिमाकत की जिनको हमारे वीर जांबाज जवानों ने महज लाठी –डंडों से ही सबक सिखाया और दुम दबाकर भागने को मजबूर कर दिया लेकिन दुर्भाग्यवश भारत का विपक्ष इन सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के स्थान पर मोदी सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने के लिए उनका अपमान कर रहा है । कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर विराजमान बैकडोर से राज्यसभा सांसद बने खड़गे ने तो प्रधानमंत्री का अपमान करने की मानो सुपारी ले ली है । गुजरात में उन्होंने प्रधानमंत्री को रावण कहकर अपमानित किया परिणामस्वरूप गुजरात की जनता ने कांग्रेस का जो हाल किया है वह पूरी दुनिया ने देख लिया है। अब चीन प्रकरण पर वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा को चूहा कहने पर उतर आए । उनके बोल इतने बिगड़े कि आपका तो कुत्ता भी नहीं मारा जैसा सड़क छाप बयान दे दिया । वहीं पार्टी के युवराज राहुल गांधी ने 13 हजार फीट की ऊंचाई पर खड़े सेना के जवानों के लिए पिटाई शब्द का अपमानजनक व दुर्भाग्यपूर्ण प्रयोग किया। लगता है कांग्रेस 1962 की लड़ाई का इतिहास भूल चुकी है। एक समय था जब देश का कोई भी प्रधानमंत्री अरुणाचल सहित पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा करने में संकोच करता था और वहां के राज्यों का विकास नहीं के बराबर हो रहा था। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम है कि वह भारत चीन सीमा से सटे आखिरी गांवों तक की यात्रा कर रहे हैं और गति शक्ति से किए जा रहे विकास कार्यों को ग्रामीणों को बारीकी से समझा रहे हैं। राहुल गांधी अपनी यात्रा में हर राज्य में वहां की स्थिति के आधार पर बयान देते हैं और जितनी बयानबाजी करते हैं उतनी ही कलई खुलती जाती है। जब उनकी यात्रा ने महाराष्ट्र में प्रवेश किया था तब उन्होंने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके कारण महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान तो नहीं आया पर राहुल की अपनी स्थिति खराब हो गयी । लेकिन कांग्रेस अभी भी लगातार वीर सावरकर का अपमान कर रही है जिसमें अभी कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र में वीर सावरकर की प्रतिमा लगाए जाने का कड़ा विरोध किया गया। राहुल गांधी ने जब मध्य प्रदेश में प्रवेश किया तब उन्होंने शिवभक्ति का नाटक करते हुए उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए और एक बार फिर जयश्रीरम बनाम जय सियाराम बोलने का विभ्रम फैलाने का कार्य किया। राहुल गांधी मोहब्बत का पैगाम देने की बजाए नफरत के बाजार को ही गर्म करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। यात्रा के दौरान भाजपा व संघ को झूठ के आधार पर बदनाम करने के लिए तरह– तरह की कहानियां सुना रहे हैं जिससे वह स्वयं ही मजाक का पात्र बन रहे हैं। मध्य प्रदेश की ही एक जनसभा में स्थानीय भील आदिवासी क्रांतिकारी टंटया मामा पर खूब जमकर झूठ बोला जो अविश्वसनीय था। यहां पर उन्होंने आरोप लगाया कि संघ के कारण ही टंटया मामा को फांसी हुई जो कि एक सफेद झूठ था क्योकि जब टंट्या मामा को फांसी हुई थी उस समय संघ का जन्म भी नहीं हुआ था। विवादों को



जन्म देते हुए राहुल गांधी की यात्रा वर्तमान समय में राजस्थान के शहरों से गुजर रही है। यहां पर भी राहुल गांधी व खगड़े की बयानबाजी से सम्पूर्ण भारतीयता का अपमान हो रहा है। राजस्थान में अलवर की जनसभा में राहुल गांधी ने हिंदी भाषा व हिंदी भाषियों का खुलकर अपमान किया । राहुल गांधी का मानना है कि बीजेपी वालों को अंग्रेजी से समस्या है इसलिए सभी लोगो को अंग्रेजी सीखनी चाहिए और अपने बच्चों को भी अंग्रेजी सिखानी चाहिए। उनके इस बयान से सिद्ध हो गया है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पूरी तरह से गुलामी की मानसिकता से ओतप्रोत है। राहुल गांधी की कांग्रेस को हिंदी, हिंदू, हिन्दुस्थान तथा सनातन भारतीय संस्कृति से न जाने कितनी घृणा है। राहुल गांधी ने हिंदी व अंग्रेजी भाषा पर ज्ञान देते हुए कहा है कि अमेरिका– इंग्लैंड वालों से बात करते समय हिंदी वालों को काफी दिक्कत होती इससे सिद्ध होता है कि आज देश में हिंदी भाषा का जो पतन हुआ है उसके पीछे मैकाले की नीतियों से ग्रसित यह कांग्रेस और उसके पीछे छुपने वाले दक्षिण भारत के तमाम क्षेत्रीय दल ही हैं । वैसे हिंदी भाषा का अपमान कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ,पी चिदम्बरम तथा दक्षिण भारत के सभी राज्यों के कांग्रेसी नेता समय –समय पर हिंदी को अपमानित करते रहे हैं। शशि थरूर ने तो एक बार कहा था कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि जब कोई दक्षिण का नेता पीएम बनेगा तो उसे समस्या होगी। पी चिदम्बरम भी हिंदी विरोध में लेख लिखते रहते हैं और यह लोग यहां तक कह जाते हैं कि अगर हिंदी को जबरदस्ती थोपा गया तो दक्षिण के राज्य अलग हो जाने की मांग करने लग जाएंगे ।जबकि वास्तविकता यह है कि हिंदी भाषा के कारण ही आज सम्पूर्ण देश एकजुट है। कांग्रेस विगत 74 वर्षों तक हिंदी से नफरत करती रही। आजादी के बाद अभी तक कांग्रेस के किसी भी मंत्री ने संसद में रेल व आम बजट हिंदी में नहीं प्रस्तुत किया। कांग्रेस के शासनकाल में संसद व सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी व उर्दू भाषा का बोलबाला हो गया था ।तमिल सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साथ निचले स्तर का व्यवहार किया जाता था। स्वर्गीय मोरारजी देसाई व स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के अथक प्रयासों से आज देश में हिंदी का विकास हो रहा है तथा हिंदी भाषा का अस्तित्व बचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल व राज्यों में भाजपा सरकारों के आने के बाद हिंदी का विकास हुआ है ।नई शिक्षा नीति में हिंदी व समस्त क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राहुल गांधी का मानना है कि अंग्रेजी न आने कारण अमेरिका व इंग्लैंड के लोगो से बात करने में समस्या होती है जबकि आज इंग्लैंड में हिंदी व संस्कृत को जानने वाला भारतीय मूल का एक नागरिक ऋषि सुनक प्रधानमंत्री है और अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी अच्छी हिंदी जानती हैं। आज पूरे विश्व में हिंदी का डंका बज रहा है। विश्व का कोई भी देश ऐसा नहीं बचा है जहां पर हिंदी को जानने वाले, पढ़ने वाले तथा हिंदी को समझने वाले न हों। अभी तक दक्षिण भारत में भारतीय जनता पार्टी को हिंदी के कारण अछूत माना जाता था लेकिन अब वहां पर भी हिंदी के प्रति जनमानस में जागरुकता आ रही है। दक्षिण के सभी राज्यों में हिंदी के समाचार पत्र निकल रहे है। काशी के तमिल संगमम के बाद अब वहां पर भाषाई विभेद और दूर होगा । दक्षिण में अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं ।दक्षिण के जो राजनैतिक दल भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने के लिए "हिंदी डाउन डाउन" का नारा देते थे अब उसकी अहमियत नहीं रह गई है । आने वाले समय में दक्षिण में भाजपा व हिंदी का बढ़ता प्रभाव वहां के परिवारवादी गुलामी की मानसिकता के पोषक राजनैतिक दलों के अस्तित्व के लिए एक बड़ा संकट बन रहा है। इसी चिंता से कांग्रेसी बौखला गए हैं। खड़गे का बयान, "देश के लिए हमारे नेताओं ने कुर्बानी दी है लेकिन आपके घर में देश के लिए कोई कुत्ता भी मरा क्या ?" यह एक बहत ही असभ्य बयान है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। ऐसा कहकर कांग्रेस ने देश को स्वाधीनता दिलाने वाले सभी महान क्रांतिकारियों व देशभक्तों का अपमान किया जिन्होंने अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है, देश की सीमाओं पर खड़े प्रहरियों को गाली दे रही है, हिन्दुओं की सांस्कृतिक विरासत को अपमानित कर रही है, प्रधानमंत्री को अपशब्द कह रही है और उनके नेता राहुल गांधी कहते हैं कि वो मोहब्बत बांटने निकले हैं इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी ?

## कर्मकांड गुरु नितिन मिश्रा के चल रहे भगवत गीता कार्यक्रम को सुनकर भक्तों द्वारा लगाए गए जयकारे

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ चल रही श्रीमद् भागवत कथा में महाराज जी की रसमयी वाणी से बताया गया किस प्रकार से भगवान ने इस धरा धाम को कंस के अत्याचारों से मुक्त करके अपने नाना उग्रसेन को पूरा राज्य सिंहासन प्राप्त कराया किस प्रकार से भगवान ने उद्धव जी के ज्ञान को प्रेम से समाप्त कराया और किस प्रकार से माधव ने रुक्मणी जी के साथ पाणिग्रहण संस्कार किया जिसमें समस्त भक्तों ने खूब आनंद लूटा जिसमें आज आचार्य गोविंद मिश्रा अभिषेक बाजपेई श्री मुनीश मिश्रा दीपक तिवारी सुभांसू मिश्रा आशीष त्रिवेदी राम कुमार मिश्रा रामू आदि उपस्थित रहे। कथा व्यास आचार्य श्री नितिन



मिश्रा कर्मकांड गुरु कैलाश आश्रम कानपुर कथा स्थल गुप्तार घाट।

## प्रशासन और मानवीय संवेदनाओं पर 25 को होगा व्याख्यान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रतिबिंब सांस्कृतिक एवं सामाजिक अकादमी के तत्वावधान में हर वर्ष आयोजित होने वाली पुण्यात्मा गिरीश चंद्र बाजपेई स्मृति व्याख्यानमाला इस वर्ष आगामी 25 दिसंबर दिन रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे सर्कुलर रोड स्थित पुष्पगिरी सभागार में आयोजित की गई है यह जानकारी देते हुए के महासचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि व्याख्यानमाला की सोलवीं प्रस्तुति के लिए इस वर्ष प्रशासन और मानवीय संवेदनाएं विषय पर उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव मणि प्रसाद मिश्र का व्याख्यान होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2020 के करोना काल को छोड़कर वर्ष 2006 से इस व्याख्यानमाला के अंतर्गत ज्वलंत विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों का व्याख्यान होता रहा है इस अवसर पर शोध परक छात्र को दी जाने वाली 10हजार की प्रतीक बाजपेई स्मृति छात्रवृत्ति इस बार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी हरदोई निवासी ऐश्वर्य अवस्थी को उनके शोध पर प्रदान की जाएगी।

## नेपाल ने 16 भारतीय कंपनियों से दवाई के आयात पर लगाया प्रतिबंध

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।नेपाल ने 16 भारतीय कंपनियों से दवाई के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अफ्रीकी देशों में खांसी के सिरप से बच्चों की हुई मौत के बाद WHO ने इससे जुड़ी दवाइयों को लेकर चेतावनी जारी की थी,WHO के अलर्ट के बाद नेपाल ने 16 भारतीय कंपनियों से दवाई के इंपोर्ट को बैन कर दिया है। नेपाल दवा नियामक प्राधिकरण द्वारा जारी इस सूची में भारत की कई बड़ी दवा कंपनियां शामिल हैं। नेपाल के ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की लिस्ट में दिव्या फार्मेसी सहित 16 भारतीय दवा कंपनियां शामिल हैं, दिव्य फार्मेसी योग गुरु रामदेव के पतंजलि प्रोडक्ट की मैन्युफैक्चरिंग करती है। नेपाल ने द्वारा जारी प्रतिबंधित भारतीय दवा कंपनियों की लिस्ट में रेडियंट पैरेन्टेरल्स लिमिटेड, मरकरी लेबोरेटरीज लिमिटेड, एलायंस बायोटेक, कैपटैब बायोटेक, एग्लोमेड लिमिटेड, जी लेबोरेटरीज लिमिटेड, डैफोडिल्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, जीएलएस फार्मा लिमिटेड, यूनिजूल्स लाइफ साइंस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट शामिल हैं ।इसके अलावा आनंद लाइफ साइंसेज लिमिटेड, आईपीसीए लेबोरेटरीज लिमिटेड, कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड, डायल फार्मास्युटिकल्स, एग्लोमेड लिमिटेड और मैकुर लेबोरेटरीज लिमिटेड जैसे बड़ी कंपनियां भी बैन की लिस्ट में शामिल हैं ।ये कंपनियां डब्ल्यूएचओ मानकों का पालन करने में विफल रही हैं ।इस वजह से इन्हें नेपाल में प्रतिबंधित किया गया है। विभाग के प्रवक्ता संतोष केसी ने कहा कि दवा कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के निरीक्षण के बाद, जिन्होंने अपने प्रोडक्ट को हमारे देश में निर्यात करने के लिए आवेदन किया था, हमने उन कंपनियों की सूची प्रकाशित की है जो डब्ल्यूएचओ के मानकों का पालन

## सोशल मीडिया पर कमेंट करना पड़ा महंगा : चार युवक का हुआ चालान

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। रुदौली बाबा बाजार थाना क्षेत्र के अमराई गांव में सोशल मीडिया पर एक दूसरे के खिलाफ कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया ।विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों के चार लोगों को थाने पकड़



लाई और शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। थाना प्रभारी संतोष सिंह के मुताबिक अमराई गांव में फेसबुक पर एक दूसरे के विरुद्ध कमेंट करने को लेकर विवाद हो गया ।विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सैदपुर चौकी प्रभारी सतीश चंद्र दोनो पक्षों के चार लोगों को थाने पकड़ लाए ।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रशांत सिंह,अमित प्रताप सिंह,शैलजाकांत मिश्रा व हर्षित सिंह का शांति भंग की आशंका में 151 के तहत चालान किया गया है ।थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि गांव के कुछ शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी ।किसी को समाज मे अशांति फैलाने तथा अपमानित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।ऐसे लोगों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई की जायेगी ।पुलिस असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रख रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

**समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।**